खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के मेसकॉट और टॉर्च का होगा अनावरण

चर्चा में क्यों?

5 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश में 7 जनवरी को भोपाल के शौर्य स्मारक में रंगारंग कार्यक्रम में खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के मेसकॉट, टॉर्च और एंथम का अनावरण किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2022 के पाँचवें संस्करण की मेजबानी मध्य प्रदेश कर रहा है। 30 जनवरी से 11 फरवरी तक होने वाले इस भव्य खेल आयोजन में 13 दिन तक 8 अलग-अलग शहरों के 23 गेम वेन्यू में 6 हज़ार खिलाड़ी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स का पाँचवां संस्करण प्रदेश के 8 शहरों- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट और खरगोन (महेश्वर) में होगा। एक गेम (साइकलिंग) दिल्ली में आयोजित होगा।
- पहली बार वाटर स्पोर्ट्स अर्थात् कयाकिंग-कैनोइंग, कैनो सलालम और तलवारबाजी आदि प्रतिस्पर्धाएँ खेलो इंडिया गेम्स के इस संस्करण का हिस्सा होंगी।
- खेलो इंडिया यूथ गेम्स 5.0 में 303 अंतर्राष्ट्रीय और 1089 राष्ट्रीय ऑफिशियल्स हिस्सा लेंगे। खेलो इंडिया के लिये लगभग 2 हज़ार वॉलंटियर अलग-अलग गेम वेन्यू में तैनात रहेंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/khelo-india-youth-games-2022-mascot-and-torch-will-be-unveiled